प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए सर्विकल कैंसर की रोकथाम के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ : कहा– देश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है यह अभियान।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्रो उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश के 1 करोड़ 86 लाख परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए जारी की 1 हजार 500 करोड़ रुपए की सब्सिडी : कहा– महिला सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए काम कर रही है डबल इंजन की सरकार।
3. प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकां को दी जाएगी इलाज की सुविधा, राज्य सरकार अस्पतालों से जल्द साइन करेगी एमओयू और
4. प्रदेशभर में पवित्र रमजान माह और आगामी होली त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम : लखनऊ और वाराणसी में 6 हजार से अधिक जगहों पर होगा होलिका दहन।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान के अजमेर से 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस–एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य सर्विकल कैंसर की रोकथाम करना है, जो महिलाओं में कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। इस अभियान की औपचारिक शुरुआत पांच बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाकर की गइ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं की छोटी से छोटी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। बाइट..

*मुझे देशभर की बेटियों के लिए एक अहम अभियान शुरू करने का अवसर मिला है। यहां अजमेर से एच.पी.वी. वैक्सीनेशन अभियान शुरू हुआ है। यह अभियान देश की नारी शक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम है।*

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को राजधानी लखनऊ, वाराणसी, बलरामपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में देखा गया। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उत्तर प्रदेश में राज्य स्तरीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सर्विकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है। इसकी रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। टीकाकरण अभियान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह

ऐतिहासिक पहल स्वस्थ भारत–सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक और युगांतरकारी प्रयास है।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में होली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एक हजार पांच सौ करोड रुपए की धनराशि से प्रदेश के एक करोड़ छियासी लाख परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी जारी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंदर महिला सुरक्षा और उनके स्वावलंबन के लिए कार्य कर रही है, उनके हितों के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। बाइट......

*आज यह डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंदर महिला सुरक्षा, महिला सम्मान और उनके स्वावलंबन के लिए कार्य कर रही है। आज हमारे लिए तो उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता ही परिवार है और उसी का सुरक्षा भी उसी का सम्मान भी और उसी के स्वावलंबन के लिए कार्य करना है और उसी दिशा में यह जो प्रयास प्रारंभ हुए हैं। इस बार आपने बजट में देखा होगा। दोनों सरकारों ने गरीब को, महिलाओं को, किसानों को, युवाओं को ध्यान में रखकर के इन योजनाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है।*

———————————

देश के प्रथम राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ.राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश भर में कई स्थानों पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ प्रसाद को सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से

श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सत्य, संयम एवं कर्तव्य निष्ठा से परिपूर्ण उनका सादगी भरा जीवन आज भी सभी को नैतिकता और मर्यादा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा प्रदान करता है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी लखनऊ में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि दी।

————————

प्रदेश के पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने आज सुल्तानपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पंचायत चुनाव नियत समय पर कराने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। बाइट......

*मतपत्र छपकर के जिले में पहुंचा दिए गए हैं। 15 अप्रैल को मतदाता सूची का प्रकाशन होने जा रहा है। एसआईआर का काम चल रहा है, सारे अधिकारी उसमें लगे हैं। चुनाव समय पर होगा।*

————————

आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में इलाज की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए जल्द ही स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीज 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों से एमओयू साइन करेगी। प्रदेश में कुल 13 कैंटोनमेंट अस्पताल हैं।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि जनवरी–2026 से प्रयागराज के कैंटोनमेंट अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। जिसके सफल परिणाम सामने आए हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के अन्य 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ एमओयू साइन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एमओयू के बाद लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा, आगरा, फतेहपुर, झांसी और बबीना के कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों का उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रदेश भर में पवित्र माह रमजान और आगामी होली त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा को लेकर चाकसी बरती जा रही है। कई जिलों में पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है। लखनऊ

में लगभग 3 हजार 800 स्थानों पर होलिका दहन होगा। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून और व्यवस्था बबलू कुमार ने बताया कि प्रत्येक स्थान पर मोबाइल पार्टियां और स्टेटिक फोर्स के साथ पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि लगभग 2500 स्थानों पर होलिका दहन होंगे और होली के अवसर पर कइ जुलूस भी निकाले जाएंगे। सभी के लिए सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। बाइट......

*यहां पर लगभग 25 होलिका दहन यहां पर होंगे और कई जलूस भी यहां पर होली के दिन निकाले जाएंगे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जितने भी आयोजक हैं, उनके साथ थाना लेवल पर एसीपी लेवल पर बैठकें कर ली गई है। जिला स्तरीय बैठक भी कर ली गई है। होलिकाएं रखी गई है। उनकी सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए हैं।*

होली के अवसर पर शाहजहाँपुर में परंपरागत रूप से आयोजित होने वाले 'लाट साहब' जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से आज समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

———————————

खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश में पिछले वर्ष 1 नवंबर से सरकारी क्रय केंद्रों पर जारी धान खरीद आज सम्पन्न हो गई। इसी क्रम में प्रयागराज में धान खरीद में खरीद लक्ष्य से 105 प्रतिशत अधिक धान की खरीद हुई। प्रयागराज में 2 लाख 73 हजार

मीट्रिक टन के सापेक्ष लगभग 2 लाख 88 हजार मीट्रिक टन की खरीद हुई। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश सिंह सागरवाल ने बताया कि क्रय केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों को डीबीटी से भुगतान किया गया। बाइट......

*हमने 47,714 किसानों से खरीद की है, 97 प्रतिशत किसानों का भुगतान किया गया है।*

————————

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय क सहयोग से आकाशवाणी लखनऊ ने आज शाम भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, कैसरबाग स्थित कला मंडपम् में राष्ट्र भक्ति और स्वाधीनता की चेतना को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्सव वंदेमातरम् का आयोजन किया। पुलिस महानिदेशक रेडियो वायरलेस आशुतोष पांडेय ने समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आकाशवाणी लखनऊ की कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह कार्यक्रम राष्ट्र के प्रति हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

————————

इस्राइल, अमरीका और ईरान के बीच शुरू हुए सैन्य संघर्ष के मद्देनजर भारत ने इस्राइल और ईरान सहित सउदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों से क्षेत्र में वर्तमान स्थिति को देखते

हुए अत्यधिक सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने को कहा है।

————————

राजधानी लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय मोन महोत्सव का आज समापन हो गया। इसमें देश और प्रदेश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक, उद्यमी और प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 1000 मत्स्य पालक सम्मिलित हुए, जबकि 50 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा औद्योगिक प्रदर्शनी और स्टॉल लगाये गये। विभिन्न प्रकार के मत्स्य व्यंजनों के लिए फिश फूड कोर्ट एवं प्रोटीन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

————————

श्रीलंका में आईसीसी टी–20 विश्वकप में सुपर–8 के मुकाबले में आज पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बड़े अंतर से यह मैच जीतना होगा। वहीं कल भारतीय टीम अंतिम सुपर–8 मुकाबले में वेस्टइंडीज़ से खेलेगी। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारत को जीत की जरूरत है।

(समाप्त)